# कार्यालय प्राचार्य,

## शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा, जिला – बालोद (छ.ग.)

Email ID – govtcollegelohara@gmail.com Tell.No- 07748-299010

**NAAC Accredited "B" Grade**

पत्र क्रमांक 267 / परीक्षा / पूरक / 2025 डौण्डी लोहारा, दिनांक 15/07/2025

## //आवश्यक सूचना//

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा के बी.ए./बी.कॉम/बी.एससी भाग–I,II,III के नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व परीक्षार्थी जिन्हें वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 में पूरक की अर्हता प्राप्त है, ऐसे परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालयीन पूरक परीक्षा–2025 हेतु पूरक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार है–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 15.07.2025 से 11.08.2025 तक<br>(पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के परीक्षा परिणाम घोषित होने के तीन दिवसों के भीतर परीक्षा आवेदन ऑनलाईन पद्धति से भरे जा सकेंगे।) |
| 02 | पूरक परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र/ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 12.08.2025 तक |

टीप:– 01. पूरक परीक्षा 2025 हेतु ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://durg.ucanapply.com** के **Quick Links** में **Supplymentary Exam Form-2025** के माध्यम से किया जा सकता है।

02. जिन परीक्षार्थियों को पूरक की अर्हता प्राप्त है वें मुख्य परीक्षा 2025 में परीक्षा आवेदन फार्म भरने के समय उपयोग में लाई गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर पूरक परीक्षा फार्म 2025 भरा जाना है।

03. परीक्षार्थी **Student Login Portal** पर जाकर लागइन कर पूरक परीक्षा फार्म निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ भर सकते हैं, तथा उक्त आवेदन का प्रिंटआउट लेकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अंतिम तिथि के पूर्व जमा करना अनिवार्य है।

प्राचार्य
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय
डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम-दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100

क्र.285/परीक्षा/पूरक/2025 दुर्ग, दिनांक 15/07/2025

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के नियमित / स्वाध्यायी/ भूतपूर्व परीक्षार्थी जिन्हें वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 में पूरक की अर्हता प्राप्त है. उन परीक्षार्थियों के लिए बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (गृहविज्ञान)/बी.सी.ए. भाग-एक, दो एवं तीन, बी.एससी.बी.एड./बी.ए.बी.एड. भाग-01, 02, 03, 04 तथा एम.फिल. इन क्लीनिकल साईकोलॉजी एवं एम. फिल इन साइकैट्रिक सोशल वर्क भाग-01 एवं 02 की **पूरक परीक्षा 2025** में सम्मिलित होने हेतु पात्र परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क (इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है-

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से संपूर्ण शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि | **15.07.2025 से 11.08.2025 तक** |
| 02 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नों सहित संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र/महावि. में जमा करने की तिथि | **12.08.2025 तक** (पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के परीक्षा परिणाम घोषित होने के तीन दिवसों के भीतर परीक्षा आवेदन ऑनलाईन पद्धति से भरे जा सकेंगे।) |
| 03 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नकों सहित परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary) सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (परीक्षा केन्द्र हेतु) | **14.08.2025 तक** |

### परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः-

पूरक परीक्षा 2025 हेतु ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://durg.ucanapply.com अथवा www.durguniversity.ac.in के Quick Links में Supplementary Exam Form-2025 के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

जिन परीक्षार्थियों को पूरक की अर्हता प्राप्त है वें मुख्य परीक्षा 2025 में परीक्षा आवेदन फार्म भरने के समय उपयोग में लाई गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर पूरक परीक्षा फार्म 2025 भर सकते हैं।

परीक्षार्थी, Student Login Portal पर जाकर लागइन कर पूरक परीक्षा फार्म निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ भर सकते हैं, तथा उक्त आवेदन का प्रिंटआउट लेकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अंतिम तिथि के पूर्व जमा करेंगे।

यदि ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो इस नंबर पर **08062526431** अथवा ई-मेल onlinehelp@durguniversity.in पर अपनी समस्या का निदान प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षार्थी, ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त प्रक्रिया उपरांत अपने परीक्षा आवेदन की दो प्रति में प्रिंट करेंगे जिसमें से एक प्रति छात्र/छात्रा अपने पास सुरक्षित रखेंगे तथा एवं दूसरी प्रति आवश्यक आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र में अग्रेषण शुल्क रु. 30/- (रू. तीस मात्र) सहित जमा करेंगे।

संबंधित महाविद्यालय उक्त अग्रेषण शुल्क की पावती परीक्षार्थियों को प्रदान करें। जिसमें से रू. 15/-प्रति छात्र की दर से महाविद्यालयों द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा कराना होगा। संबंधित परीक्षा केन्द्र उक्त राशि रू. 15/ का उपयोग परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में करेंगे।

यदि कोई पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कापी संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) में जमा नहीं करता है तो उसकी पूरक परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।

समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।

परीक्षार्थी ऑनलाईन फार्म भरकर प्राप्त प्रिंट आउट को समस्त संलग्न प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में नियत तिथि तक जमा करेंगे। हार्डकॉपी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेजों की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जायेगा तथा शुल्क वापस नहीं की जायेगी, अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखे कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।

पूरक परीक्षा केन्द्र सूची में उल्लेखित केन्द्र में आसंजित महाविद्यालयों के पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित जमा करेंगे। पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन माध्यम से ही प्रवेश पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूरक परीक्षा में शामिल होंगे। अन्यत्र पूरक परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।

ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें वर्ष 2025 की वार्षिक परीक्षा में पूरक की पात्रता है वही परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे तथा उन्हीं विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2025 की अंकसूची/ इंटरनेट से प्राप्त अंकसूची में दर्ज है।

**<u>वे परीक्षार्थी जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है तथा जिनके नकल प्रकरण एवं अन्य किसी कारणों से परिणाम रोके गये हैं, ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात यदि उन्हें अनुत्तीर्ण से पूरक की पात्रता प्राप्त होती है, तो संबंधित परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शुल्क सहित परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन पद्धति से अगले तीन दिवसों के अंदर जमा कर सकते हैं। विशेष परिस्थिति में ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षा परिणाम विलंब से जारी होते हैं वे परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व तक पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की अनुमति पश्चात, जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।</u>**

वे परीक्षार्थी जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है उनके पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के परिणाम में यदि वे उत्तीर्ण घोषित किये जाते हैं तो उनके यही परिणाम मान्य होगा तथा उनके द्वारा यदि पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन से परीक्षा आवेदन किया जा चुका हो तो उनके द्वारा जमा करायी गई परीक्षा शुल्क वापसी योग्य होगी। इसके लिए परीक्षार्थी को इसी सत्र में 15 दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा।

पूरक परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण कराने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करायें।

**<u>शुल्क विवरणः-</u>**

| क्र. | कक्षा/परीक्षा का नाम | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | बी.ए./बी.कॉम. भाग एक, दो एवं तीन एवं बी.ए.बी.एड. भाग-01, 02, 03, 04 | रु. 820.00 |
| 02 | बी.एससी./बी.एससी. (गृहविज्ञान) / बी.सी.ए. भाग एक, दो एवं तीन तथा बी.एससी.बी.एड. भाग-01, 02, 03, 04 | रु. 1075.00 |
| 03 | एम.फिल. इन क्लीनिकल साईकोलॉजी / एम.फिल. इन सोशलवर्क | रु. 1380.00 |

टीपः- 1. एम.फिल. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पूरक परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा फार्म भरते समय समस्त सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों का चयन करना अनिवार्य होगा।

**<u>अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु</u>**

पूरक परीक्षा केन्द्रों / महाविद्यालय परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में एटीएम/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary) एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नकों सहित) **<u>दिनांक 14-08-2025 तक</u>** जमा कराना सुनिश्चित करें।

पूरक परीक्षा केन्द्रों द्वारा उपरोक्त निर्धारित तिथियों के पश्चात आवेदन जमा करने पर रू. 1000/- प्रतिदिन विलंब शुल्क देय होगा। उपरोक्त तिथियों के पश्चात जमा की गई हार्डकापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं किए जा सकेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य की होगी। विश्वविद्यालयीन पूरक परीक्षा 2025 माह अगस्त-सितम्बर में होना संभावित है।

**कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित,**

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय**
**दुर्ग (छ.ग.)**

पृ.क्र. 286/परीक्षा/पूरक/2025 दुर्ग, दिनांक : 15/7/2025

प्रतिलिपिः

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी/खैरागढ़-छुईखदान-गंडई।
5. पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी/खैरागढ़-छुईखदान-गंडई।
6. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. वित्त अधिकारी/सहा. कुलसचिव/ अधिष्ठाता छात्र कल्याण/अकादमिक/गोपनीय/संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. उपकुलसचिव/सहा. कुलसचिव, गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि रूके हुए परिणामों एवं स्नातक स्तर के परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन /पुनर्गणना के परिणाम तथा अन्य रोके गये परिणामों को यथाशीघ्र घोषित करें, ताकि समय पर पूरक परीक्षा 2025 आयोजित की जा सके।
9. माननीय कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ।
10. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, जिला दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम/ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी/खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**उपकुलसचिव**